2021

HINDI — HONOURS

Paper : CC-10

(Hindi Kahani)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'उसने कहा था' कहानी में पलटन का विदूषक कौन था? यह कहानी कब प्रकाशित हुई?

(ख) 'पूस की रात' कहानी में हल्कू ने तीन रुपये किसके लिए बचाये थे और वह तीन रुपये उससे कौन लेकर चला गया?

(ग) 'आकाशदीप' का अर्थ क्या है और इस कहानी का नायक कौन है?

(घ) खड्गसिंह कौन था? बाबा भारती अपने घोड़े को किस नाम से पुकारते थे?

(ङ) 'पाजेब' कहानी किस शैली में लिखी गई है? आशुतोष को उसकी बुआ ने उसके जन्मदिन पर क्या देने का वादा किया?

(च) 'उर्फ़ मारे गए गुलफ़ाम' नाम से कौन-सी कहानी प्रचलित है और इस कहानी के रचनाकार का नाम क्या है?

(छ) "मैं सोचती हूँ रणजीत कि मेरे जीने का कोई भी अर्थ नहीं है"— यह किसकी उक्ति है और किस कहानी से ली गई है?

(ज) लतिका किस कहानी की नायिका है और वह किससे प्रेम करती थी?

(झ) 'सिक्का बदल गया' कहानी का प्रकाशन-वर्ष क्या है? यह कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(ञ) 'दोपहर का भोजन' कहानी के लेखक का वास्तविक नाम क्या है? इनके किसी एक कहानी-संग्रह का नाम बताइए।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी ***एक*** पर ससंदर्भ व्याख्या प्रस्तुत कीजिए : 10×1

(क) मैं ईश्वर को नहीं मानता, मैं पाप को नहीं मानता, मैं दया को नहीं समझ सकता, मैं उस लोक में विश्वास नहीं करता। पर मुझे अपने हृदय के एक दुर्लभ अंश पर श्रद्धा हो चली है। तुम न जाने कैसे एक बहकी हुई तारिका के समान मेरे शून्य में उदित हो गई हो। आलोक की एक कोमल रेखा इस निविड़तम में मुस्कुराने लगी।

(ख) मुझे लगा पियानो का हर नोट चिरंतन खामोशी की अंधेरी खोह से निकलकर बाहर फैली नीली धुंध को काटता-तराशता हुआ एक भूला-सा अर्थ खींच लाता है। गिरता हुआ हर 'पॉज़' एक छोटी-सी मौत है, मानो घने छायादार वृक्षों की काँपती छायाओं में कोई पगडंडी गुम हो गई हो, एक छोटी-सी मौत जो आनेवाले सुरों को अपनी बची-खुची गूँजों की साँसें समर्पित कर जाती है।

(ग) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ़ हो जाती है। जन्म भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ़ होते हैं। समय की धुंध बिल्कुल उन पर से हट जाती है।

3. किन्हीं ***दो*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2

(क) '' 'मिस पाल' बदलते परिवेश से जुड़ी नारी के एकाकीपन की कहानी है, पलायन की नहीं''— इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'पूस की रात' कहानी भारतीय किसान के मजदूर बनने की त्रासदी की ओर संकेत करती है, कैसे? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।

(ग) 'सिक्का बदल गया' कहानी में देश-विभाजन की त्रासदी पर प्रकाश डालिए।

(घ) '' 'पिता' कहानी के माध्यम से पुरानी और आधुनिक पीढ़ी के बीच के अंतर्द्वंद्व को दर्शाया गया है''— इस कथन के आधार पर 'पिता' कहानी की समीक्षा कीजिए।

4. किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 5×3

(क) 'उसने कहा था' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ख) खड्गसिंह और बाबा भारती के चरित्रों में अंतर बताइए।

(ग) बाल-मनोविज्ञान कहानी के रूप में 'पाजेब' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'तीसरी कसम' कहानी की ग्रामीण-संवेदना पर चर्चा कीजिए।

(ङ) 'दोपहर का भोजन' कहानी के मूल भाव को स्पष्ट कीजिए।